झारखण्ड का प्रथम फिजिकल एकेडमी R.N.S. ACADEMY

# R.N.S ACADEMY

राष्ट्र निर्माण सेना

19 June 2025

Follow us on



**RN Sir**
(Physical Trainer)

SSC | RAILWAY | BANK

JSSC | DEFENCE - ARMY

CAPF | POLICE | Other Competitive Exam


Website : www.rnsacademy.in
Email : academyrns@gmail.com


Daily Current Affairs Booster


Contact : 8084818282, 9113365645


# Daily Current Affairs


Address : RNS Academy, College Road, Pakur, Jharkhand - 816107

## 19 जून से संबंधित करेंट अफेयर्स

- दिल्ली सरकार होलंबी कला में भारत का पहला ई-कचरा इको पार्क स्थापित करने जा रही हैं। यह टिकाऊ इलेक्ट्रॉनिक अपशिष्ट प्रबंधन की दिशा में एक बड़ा कदम हैं। यह पार्क 11.4 एकड़ में फैला होगा। इसमें हर साल 51,000 मीट्रिक टन ई कचरे का प्रसंस्करण किया जा सकेगा। यह 2022 ई कचरा प्रबंधन नियमों के तहत सूचीबद्ध सभी 106 ई कचरा श्रेणियों का प्रबंधन करेगा। इस परियोजना में 150 करोड़ रूपये का प्रारंभिक निवेश शामिल है। परिचालन बजट 325 करोड़ रूपये से अधिक होगा। राजस्व सृजन में 150 करोड़ रूपये का प्रारंभिक निवेश शामिल है।
- दिल्ली में स्कूल फीस को विनियमित करने के उद्देश्य से एक अध्यादेश को सीएम रेखा गुप्ता के नेतृत्व में राज्य कैबिनेट ने मंजूरी दी हैं। आठवीं कैबिनेट बैठक के बाद शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने इसकी घोषणा की। यह अध्यादेश दिल्ली स्कूल शिक्षा विधेयक 2025 पर आधारित है। इसे उपराज्यपाल के माध्यम से भारत के राष्ट्रपति को स्वीकृत के लिए भेजा जाएगा। यह कदम 29 अप्रैल को आयोजित कैबिनेट बैठक के बाद उठाया गया है, जिसमें मसौदा विधेयक पर चर्चा की गई थी।
- तीसरे संयुक्त राष्ट्र महासागर सम्मेलन में फ्रांस और ब्राजील ने ब्लू नेशनली डिटर्मिड कंट्रीब्यूशन चैलेंज लॉन्च किया। इस पहल का उद्देश्य दुनिया भर में महासागर केंद्रित जलवायु कार्रवाई को बढ़ावा देना हैं। ब्राजील नवंबर में कॉप-30 की मेजबानी करेगा, और ब्लू एनडीसी चैलेंज में सभी देशों से शिखर सम्मेलन से पहले अपनी जलवायु योजनाओं में महासागर को अधिक प्राथमिकता देने का आह्वान किया गया हैं। अब तक आठ देश इस प्रयास में शामिल हो चुके हैं। इनमें ऑस्ट्रेलिया, फिजी, केन्या, मैक्सिको, पलाऊ, सेशेल्स के साथ साथ ब्राजील और फ्रांस भी शामिल है।
- एमसएस धोनी को आधिकारिक तौर पर आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है। अन्य खिलाड़ियों में मैथ्यू हेडन, हाशिम अमला, डैनियल विटोरी, ग्रीम स्मिथ, सना मीर और सारा टेलर शामिल हैं। इन खिलाड़ियों में पांच पुरूष ओर दो महिला खिलाड़ी शामिल हैं। धोनी अपने शांत स्वभाव और तीक्ष्ण रणनीतिक सोच के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने सीमित ओवरों के क्रिकेट में भी क्रांति लाने में प्रमुख भूमिका निभाई।
- देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक ने वित वर्ष 2024-2025 के लिए सरकार को 8,076.84 करोड़ का लाभांश दिया। एसबीआई के चेयरमैन सी.एस.सेट्टी ने वित मंत्री निर्मला सीतारमण को लाभांश चेक सौपा।
- एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स की रिपोर्ट के अनुसार भारतीय कॉरपोरेट्स अगले पांच वर्षो में अपने पूंजीगत व्यय को दोगुना करके $800-$850 बिलियन करने के लिए तैयार हैं। पर्याप्त घरेलू वितपोषण स्त्रोत भी इन निवेशों को समर्थन देंगे। इन निवेशों से व्यावसायिक परिचालन में उल्लेखनीय विस्तार होने की उम्मीद हैं। सुचारू क्रियान्वयन ओर स्थिर आर्थिक स्थिति की स्थिति में ऋण स्तर में वृद्धि होने की संभावना नही हैं। पूंजीगत व्यय में वृद्धि का लगभग 75% हिस्सा बिजली, विशेषकर नवीकरणीय ऊर्जा पर खर्च किया जाएगा। बिजली पारेषण, विमानन ओर हरित हाइड्रोजन जैसे उभरते क्षेत्रो में भी खर्च बढ़ेगा।
- नरेंद्र मोदी ऐप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 साल पूरे होने का जश्न मनाने के लिए जन मन सर्वेक्षण शुरू किया हैं। इस सर्वेक्षण को लॉन्च होने के 26 घंटे के भीतर 5,00,000 से ज्यादा जवाब मिले। इस सर्वेक्षण के जरिए लोग सरकार को सीधे अपनी प्रतिक्रिया दे सकते हैं। इसमें राष्ट्रीय सुरक्षा, शासन, सांस्कृतिक गौरव और युवा विकास जैसे विषयों पर चर्चा की गई है। 77 प्रतिशत उतरदाताओं ने पूरा सर्वेक्षण पूरा किया, जो मजबूत भागीदारी को दर्शाता है। उत्तर प्रदेश में 1,41,150 जवाब मिले। महाराष्ट्र में 65,775 जवाब मिले।
- केंद्र ने मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए कच्चे खाद्य तेलों पर मूल सीमा शुल्क में कटौती की। केंद्र सरकार ने सूरजमुखी, सोसाबीन और पाम तेल सहित आयातित कच्चे खाद्य तेलों पर मूल सीमा शुल्क को 20% से घटाकर 10% कर दिया हैं। इस संशोधन के परिणामस्वरूप कच्चे और परिष्कृत खाद्य तेलों के बीच आयात शुल्क अंतर 8.75% से बढ़ाकर 19.25% कर दिया गया हैं। पिछले साल शुल्क वृद्धि और अंतर्राष्ट्रीय दरो में वृद्धि से खाद्य तेल की बढ़ती कीमतों का मुकाबला करने के लिए यह निर्णय लिया गया है।
- एनसीआर ओर आस पास के क्षेत्रो में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा सीएसआईआर केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान और नई दिल्ली में स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर के साथ एक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस सहयोग का उद्देश्य दिल्ली एनसीआर में धूल प्रदूषण को कम करने के लिए शहरी सड़कों के पुनर्विकास के लिए मानक ढांचे को प्रभावी ढंग से लागू करना है, जिसमें रास्तों और फुटपाथों को पक्का करना और हरित बनाना शामिल हैं।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स




**1. विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 18 जून (B) 19 जून
(C) 20 जून (D) 21 जून

**(B)** सिकल सेल रोग ओर इससे पीड़ित या मरीजों के परिवार को जागरूकता बढ़ाने के लिए संघर्ष का सामना करना पड़ा। 2008 से हर साल विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस मनाया जाता हैं। एससीडी को सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता के रूप में संयुक्त राष्ट्र की महासभा के लिए इस दिन आधिकारिक रूप से सूचित किया गया था।



**2. हाल ही में किस राज्य में अब हर इंफ्रा प्रोजेक्ट को यूनिक आधार के रूप में आध ाार मिलेगा ?**

(A) महाराष्ट्र (B) राजस्थान
(C) गुजरात (D) उत्तर प्रदेश

**(A)** हाल ही में सहयोग और प्रभावशाली पर्यवेक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रखा गया, महाराष्ट्र सरकार ने राज्य में सभी अवसंरचना विकास समितियों को एक भू-टैग युक्त 13-अंकीय अल्फान्यूमेरिक यूनिक से संबंद्ध करना अनिवार्य कर दिया है। यह बैचलर इंटरफेस के बाद प्रोजेक्ट की प्राथमिक पहचान के रूप में कार्य करेगा।



**3. हाल ही में मंत्रिमंडल ने झारखंड, कर्नाटक और आंध्रप्रदेश में कितने करोड़ रूपये की रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी है ?**

(A) 2450 करोड़ (B) 3594 करोड़
(C) 4505 करोड़ (D) 6405 करोड़

**(D)** पीएम मोदी की अध्यक्षता वाली आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने 6405 करोड़ रूपये के कुल परिव्यय वाली दो प्रमुख रेलवे दोहरीकरण परियोजनाओं को मंजूरी दी है। बढ़ी हुई लाइन क्षमता गतिशीलता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगी, जिसके परिणामस्वरूप भारतीय रेलवे के लिए परिचालन दक्षता ओर सेवा विश्वसनीयता में सुधार होगा।



**4. हाल ही में मालदीव के लिए वैश्विक पर्यटन राजदूत किसे नियुक्त किया गया है ?**

(A) आलिया भट्ट (B) कैटरीना कैफ
(C) सोनाक्षी सिन्हा (D) नीरज चोपडा

**(B)** इस नियुक्ति को हाल ही में राजनयिक तनाव के बाद भारत के साथ पर्यटन ओर संबंध ों को पुनर्जीवित करने के प्रयासों के हिस्से के रूप में देखा जा रहा हैं। यह सहयोग जनवरी 2024 के बाद से संबंधों में बड़े बदलाव के बीच हुआ है, जब भारत मालदीव संबंध खराब हो गए थे। उनकी भूमिका से सनी साइड ऑफ लाइफ अभियान की वैश्विक अपील को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।



**5. हाल ही में भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी ने योग्य संस्थागत प्लेसमेंट के जरिए कितने करोड़ रूपये जुटाए है ?**

(A) 2,005.90 करोड़ (B) 3,005.90 करोड़
(C) 4,105.70 करोड़ (D) 5,116.60 करोड़

**(A)** इस कदम का उद्देश्य हरित ऊर्जा परियोजनाओं के वितपोषण की क्षमता को बढ़ाना है। यह पूंजी 12.15 करोड़ इक्विटी शेयर जारी करके जुटाई गई। प्रत्येक शेयर का मूल्य 165.14 था। जिसमें 10 रूपये अंकित मूल्य पर 155.14 का प्रीमियम शामिल था। निर्गम मूल्य 173.83 रूपये के न्यूनतम मूल्य से 5% छूट पर निर्धारित किया गया था।

**6. हाल ही में किस राज्य ने कपास की खेती में 20% की वृद्धि दर्ज की है ?**

(A) महाराष्ट्र (B) गुजरात

(C) राजस्थान (D) पंजाब

**(D)** कृषि विविधता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति हुई, पंजाब में 2025 में कपास की खेती में 20% की वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2024 में जहां 2.49 लाख एकड़ जमीन पर कब्जा हुआ था, वहीं 2025 में 2.98 लाख एकड़ जमीन पर कब्जा हुआ था यानि करीब 49,000 लाख एकड़ जमीन पर कब्जा हुआ है।



**7. हाल ही में केंद्र सरकार ने पहली बार मनरेगा में खर्च की सीमा कितने प्रतिशत तय की है ?**

(A) 40% (B) 50%

(C) 60% (D) 75%

**(C)** वित वर्ष 2024-2025 की पहली योजना में कुल वार्षिक आधार पर 60% खर्च की सीमा तय की गई है। यह निर्णय केंद्र सरकार द्वारा योजना के क्रियान्वयन को नियंत्रित करने की दृष्टि से लिया गया है, लेकिन इस योजना की मांग आधारित प्रकृति प्रभावित हो सकती हैं। खासकर जब पिछले वर्ष से 21,000 करोड़ की निवेश योजनाएं पहले से मौजूद है।



**8. हाल ही में भारत का पहला अंडरवाटर म्यूजियम ओर आर्टिफिशियल कोरल रीफ किस राज्य में लांच किया गया ?**

(A) गुजरात (B) महाराष्ट्र

(C) मध्यप्रदेश (D) केरल

**(B)** हाल ही में भारत का पहला अंडरवाटर म्यूजियम महाराष्ट्र के सिंधदुर्ग जिले के वेंगुर्लो के नजदीक निवती रॉक्स क्षेत्र में विकसित किया जा रहा हैं। इस प्रोजेक्ट का मुख्य आकर्षण डी कमिशन्ड भारतीय नौसेना युद्धपोत INS Guldar है, जिसे समुद्र के भीतर संरक्षित किया जा रहा है।



**9. हाल ही में किसने पीएसए महिला चैलेंजर प्लेयर ऑफ द सीजन का पुरस्कार जीता है ?**

(A) अनाहत सिंह (B) अंकिता शर्मा

(C) प्रतीक्षा जोशी (D) इनमें से कोई नहीं

**(A)** हाल ही में भारत की स्क्वैश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय मंच पर नई ऊंचाइया छूना जारी रखा है, उन्होंने 2025 PSA अवार्ड्स में दो प्रतिष्ठित पुरस्कार जीते हैं। 17 वर्षीय इस खिलाड़ी को महिला चैलेंजर प्लेयर ऑफ द सीजन से सम्मानित किया गया और मिश्र की अमीना ओरफी के साथ संयुक्त रूप से महिला यंग प्लेयर ऑफ द सीजन का खिताब दिया गया।




**10. हाल ही में जारी ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स 2025 में कौन शीर्ष पर रहा है ?**

(A) नॉर्वे (B) फिनलैंड

(C) आइसलैंड (D) इनमें से कोई नहीं

**(C)** हाल ही में विश्व आर्थिक मंच की वैश्विक लैंगिक अंतर रिपोर्ट 2025 में भारत 148 देशो में से 131वें स्थान पर है, जो पिछले वर्ष की तुलना में दो पायदान नीचे हैं। मात्र 64.1% के समता स्कोर के साथ भारत दक्षिण एशिया में सबसे कम रैंक वाले देशो में से एक हैं।

